तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026



13 परसदाकला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी...



14 8 साल, 13 शहादतें और 24 टेंडर, आमामोरा...






## खबर संक्षेप

### राजिम कुंभ कल्प में रिंकू आस्था भट्ट का कार्यक्रम आज

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प में 11 फरवरी को मुख्य मंच पर सांस्कृतिक की छटा बिखेरने छत्तीसगढ़ की लोक कलाकार पार्श्व गामिका रिकू आस्था भट्ट ने अपने लोक कलामंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य की राजणीत अरपा पैरी के धार, महानदी है



अपार... संगी रे, झूलना शूलाबे आमा के डार मा.... कोसा के साही. जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को बांधे रखेगी और दर्शकों को तालियां बजाने के लिये विवश कर देगी। गौरतलब है कि रिंकू आस्था भट्ट प्रोफेशनल सिंगर होने के साथ ही पार्श्व गायिका भी हैं। इसके अलावा में छत्तीसगढ़ी जस गीत, रोमांटिक गीत में केवल लिखती ही नहीं बल्कि गीतों को स्वरबद्ध भी करती हैं। उनके कई एलबम रीलिज हो चुके हैं जिसमें देवी जसगीत, होली गीत आदि शामिल हैं। कई भाषाओं में गाने महारत हासिल है।

### गौरगांव में मड़ई मेला आज

**मैनपुर।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर राजापडाव क्षेत्र के सुदूर वनांचल गांव गौरगांव में 11 फरवरी दिन बुधवार को विशाल देवी मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि कालीन कार्यक्रम लोकरंग अर्जुंदा की शानदार प्रस्तुति होगी। जहां क्षेत्र भर के देवी देवताओं के साथ ही जिला धमतरी क्षेत्र एवं उड़ीसा राज्य से भी बाजे गाजे के साथ देवी देवता डांग डोली सहित आगमन होगा। तत्पश्चात समस्त देवी देवता डाँग डोली को गाँव प्रमुख झाँकर पुजारी बैगा सिरहा के द्वारा स्वागत करते हुए मड़ई भाँठा मे यथोचित स्थान देकर सेवा पूजा किया जायेगा।

### विधायक संदीप आज राजिम में

**राजिम।** कसडोल विधायक संदीप साहू बुधवार 11 फरवरी को राजिम पहुंच रहे है। वे यहां राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित भोग भंडारा में दोपहर 1 बजे शामिल होकर भोग भंडारा में



सेवा कार्य करेंगे। गौरतलब है कि राजिम कुंभ मेला में आयोजित राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा की शुरूआत में विधायक संदीप साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भोग भंडारा के प्रारंभिक दौर में उन्होंने विशेष प्रयास करते हुए शासन स्तर पर सहयोग दिलाने में अहम योगदान दिया था। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि भोग भंडारा की प्रारंभिक रणनीतियों के समय विधायक संदीप साहू उस समय छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष थे। उन्होंने तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ एक प्रतिनिधि शेष पेज 12 पर

# स्कूलों में मशीनें बंद, पैड गायब, जिम्मेदारी लेने से बच रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शासन द्वारा हाई स्कूल हायर, सेकेंडरी स्कूलों में सेनेटरी पैड मशीन लगाया गया है ताकि बच्चों को न्यूनतम मूल्य 2 पर सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सके, यह योजना महिला बाल विकास के सुचिता योजना के तहत स्कूलों में कंपनी के द्वारा सेनेटरी मशीन लगाया गया है किंतु सर्वे करने में पता चलता है कि अधिकांश स्कूलों में सेनेटरी मशीन बंद पड़ी है और स्कूल प्रशासन को यह पता नहीं है कि सेनेटरी पैड कहां से उपलब्ध हो पाएगा और मशीन कब चालू होगा साथ ही साथ महिला बाल विकास के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्य कंपनी के द्वारा किया गया है और इसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी की है इसमें विभाग के कोई जिम्मेदारी नहीं है इससे पता चलता है कि अपनी जिम्मेदारी से भागने की वजह से शासन के महत्वपूर्ण योजना का आज कौन से दौर गुजर रहा है, इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक अध्यनरत छात्राओं को सरकारी स्कूल एवं निजी स्कूलों में सेनेटरी मशीन अनिवार्य लगाया और आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना है,इस हिसाब से देख तो क्षेत्र के लगभग 32 हाई , हायर स्कूलों में सेनेटरी मशीन क्रमशः 21- 22- 23 और 23- 24 में लगाया गया है जिसमें से लगभग 10 मशीन सही है किंतु उसमें भी पैड नहीं होने की जानकारी मिली है साथ ही साथ विकासखंड में लगभग 99 माध्यमिक शाला है जहां कक्षा 6वीं से शेष पेज 12 पर

## 10 मशीनें सही लेकिन उसमें भी पैड नहीं



### स्कूलों की सूची मांगी है

इस संबंध में महिला बाल विकास के जिला अधिकारी अशोक पांडे ने कहा कि सेनेटरी पैड लगाने का कार्य कंपनी के द्वारा किया गया है जिसे 2 जमा करके पैड उपलब्ध कराया जाना है और उक्त राशि से पैड सहित अन्य आवश्यक की पूर्ति की जानी है साथ ही साथ मशीन लगाते समय कंपनी द्वारा नंबर प्रदान किया गए हैं जिसमें अगर मशीन में किसी प्रकार की समस्या या पैड उपलब्ध नहीं होने पर इन नंबरों में चर्चा करके समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। इस संबंध में आप विभाग के सचिव शम्मी आबिदी से बात करेंगे तो और ज्यादा अच्छे से बता पाएंगे कि सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना आखिर किसकी जिम्मेदारी है? विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले ने कहा कि शासन ने स्कूलों की सूची मांगी है जिसके आधार पर उन्हें सूचि प्रदान किया गया है विगत वर्ष हाई स्कूलों में सेनेटरी पैड मशीन लगाया गया है किंतु कहां बंद है कहां चालू है इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है साथ ही साथ माध्यमिक स्कूलों को भी जानकारी मांगी गई है इसे भेज दिया गया है।

**आयोजन :** बंदूक छोड़ थामा जीवनसाथी का हाथ, कहा कि अब वे चैन के साथ जीवनयापन करेंगे

# राजिम कुंभ कल्प में 4 आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ा विवाह के बंधन में बंधे







हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

समाज के मुख्यधारा से भटककर नक्सली बनना जीवन की सबसे बड़ी गलती थी। इस संगठन में जंगल-जंगल भटकने तकलीफ पाने और हर हमेशा डर और भय के साये में जी रहे थे। अब उन्हें इस कीमती जीवन का एहसास हो रहा है जब वे आत्मसमर्पण किए। ऐसे चार आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ो से हमारी बातचीत मंगलवार दोपहर उस समय हुई जब वे मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान कार्यक्रम में सात फेरे लेने के बाद मंच पर पहुंचे। इन चारो नकसलियो में से दो जोड़े सुकमा जिले, एक जोड़ा बीजापुर जिला और एक जोड़ा कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के रहने वाले है जो 12-13 साल से गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी हिस्से आमामौरा, कुकरार, नगरार, ओड़ क्षेत्र में नक्सली संगठन में काम करते रहे। विवाह के बंधन में बंधने के बाद वे काफी प्रसन्नता जाहिर कर रहे थे कि इस सरकारी आयोजन ने उनकी गृहस्थी बसा दी। अब वे चैन के साथ जीवनयापन करेंगे। नक्सली संगठन में रहने के दौर में वे कितना कष्ट पाए, कहां-कहां भटके, डर के साए में जिए, न रात चैन न दिन चैन। हर समय मौत सामने खड़ी नजर आती थी। ऐसे अनेको किस्से बातचीत के दौरान बताया। यहां तक कि उनके लीडर चलपति जो पुलिस मुठभेड़ में मारा शेष पेज 12 पर

### 283 जोड़ों का हुआ विवाह

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय मेला मैदान में भव्य एवं गरिमामय आयोजन के साथ 283 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक बना, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा और सम्मान का संबल भी साबित हुआ। इस सामूहिक विवाह समारोह में चार जोड़े नक्सल प्रभावित क्षेत्र तथा छह जोड़े धमतरी क्षेत्र के थे। जो इस बात का सशक्त संदेश है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित वर-वधुओं को हृदय से आशीर्वाद दिया और उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना केवल एक विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को तोड़ने, आर्थिक बोझ को कम करने और बेटियों को सम्मान देने की सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। पूरे आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों, वैदिक मंत्रोच्चार और सांस्कृतिक वातावरण के बीच विवाह संपन्न कराए गए। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को आवश्यक वैवाहिक सामग्री और सहायता राशि भी प्रदान की गई।

# बेलर में महिला की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना के बेलर गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौत को लेकर बेलर में चर्चा का माहौल है कि हत्या या आत्महत्या। मृतक को देखने पर चेहरे और आसपास खरोच के स्पष्ट निशान दिख रहे हैं। वहीं उनके साथ रहने वाले पति के चेहरे पर खरोच के निशान देखे गये। मतलब मौत के पहले लड़ाई झगड़ा का तांडव रहा होंगा। मृतिका का नाम फुलवाई कमारिन थी, जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष थी। जो नागाबुड़ा गरियाबंद से आज से 9 माह पहले पत्नी बन कर रोहित के पास रह रही थी। मामला का खुलासा तब हुआ जब मृतिका का पति ग्राम बेलर निवासी रोहित ध्रुव ग्राम समीति एंव सरपंच को यह कह



अपने घर लाया कि मेरी पत्नी झगड़ा कर रही है। आने से स्थिति देखकर पंचायत, गांव के लोग मामला संदीग्ध लगा कि हत्या या आत्महत्या है। यह गुत्थी पुलिस ही सुलझा सकेगी कहते फिंगेंश्वर पुलिस को सुचित किया गया। वहीं गांव ने पुछा सही सही बता क्या हूआ है इसके साथ,तो रोहित ध्रुव बताया कि फांसी के फंदे पर लटकी थी,उसे उतारा हूं। यह भी बताया कि रात में लड़ाई झगड़ा हूई है। बताया जा रहा है कि वक्त रात में उनके साथ उनका साढू भागवत भी था। जिसको मामले की पुरी जानकारी है,अभि खुलासा नहीं किया है। इधर सुचना मिलने पर टीआई गौतम गौवडे,एस आई चिंता राम देशमुख, एसआई सुरेश निषाद मौके घटना स्थल पहुंचकर सुक्ष्म मुआयना किया। मजिसट्रियल जांच तहसीलदार फिंगेश्वर डीम्पल ध्रुव द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम उपरांत गांव बेलर में उनके पति रोहित ध्रुव के उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की क्रिया कर्म से ग्राम समीति, पंचायत ने सहयोग किया गया। आगे पुलिस जांच में जुटी हुई है हत्या या आत्महत्या। डाक्टर ने पुलिस को बताया कि प्रथम दृष्टया में आत्महत्या लग रहा है। यदि आत्महत्या की है तो किसके उकसाने से घटना को अंजाम दिया।

# कलार समाज ने शराबबंदी के लिए बनाए कड़े नियम, निगरानी करेंगी महिला टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

क्षेत्र के कई गांवों में सामाजिक बदलाव की एक मिसाल सामने आई है। कलार सिन्हा समाज कुण्डेल ने नशा मुक्ति की दिशा में ठोस पहल करते हुए सामूहिक निर्णय के तहत शराबबंदी लागू करने की शुरुआत की है। इसके लिए समाज की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से नियम बनाए गए हैं और इसकी सूचना सार्वजनिक रूप से जारी की जा रही है। नियमों के उल्लंघन पर दंड का प्रावधान भी तय किया गया है, जिसमें जुर्माना अथवा सामाजिक बहिष्कार जैसी सजा शामिल हो सकती है। समाज के लोगों का कहना है कि शराब के कारण घर का माहौल बिगड़ता है, आपसी झगड़े, ताने-बाने में खटास, बीमारियां और घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए कुण्डेल के कलार सिन्हा समाज ने नशा मुक्ति की राह पर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। इस संबंध में ग्राम समाज प्रमुख कामता सिन्हा, सरपंच गज्जु सिन्हा, रमेश सिन्हा, पूर्व सरपंच राजेश सिन्हा, पूर्व समाज पंच मनहरण सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूद्रकुमार सहित समस्त कलार समाज की बैठक में ग्रामीणों ने एकमत होकर शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समाज द्वारा विशेष निगरानी टीमें भी गठित की जा रही हैं, जिनमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। ये टीमें अवैध शराब कारोबार पर नजर रखेंगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। कलार समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, प्रदेश अंकेक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस पहल को अत्यंत सकारात्मक और सराहनीय बताया। उनका कहना है कि शराबबंदी से सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगेगा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में कमी आएगी और एक स्वस्थ, सभ्य व सुरक्षित समाज का निर्माण संभव होगा। यह पहल सामुदायिक सशक्तिकरण का एक मजबूत उदाहरण है।प्रदेश कलार समाज अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने भी समाज के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज को विकास और स्थिरता की दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

■ गांवों में सर्वसम्मति से शराबबंदी लागू

# 27 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर/छुईहा बेलर



थाना फिंगेंश्वर अन्तर्गत ग्राम कुण्डेल में अवैध शराब का कारोबार सिर चढ़कर बोल रहा है। तंग आकर ग्रामिणों ने राजिम विधायक रोहित साहू से शिकायत की कुण्डेल में रोज अवैध शराब की भारी मात्रा में बिक्री हो रही है, विधायक को यह भी बताया गया कि पुलिस को हूलियामय समय सहित शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होती है। विधायक की एक्शन में आते ही कुण्डेल अवैध शराब सप्लायर पर छापामार कार्रवाई सोमवार को हूई है। यह सप्लायर कुण्डेल में धान संग्रहण केन्द्र के आसपास अपना एक ठीहा में दूसरे के पास छोड़ता है, जिससे वह खपाता है। लेकिन वो पकड़ से अब भी बाहर है। इसके अलावा दो और अवैध शराब बिक्री कर्ता से कुण्डेल ग्राम बेहद परेशान हैं। सवाल यह कि शासकीय शराब दुकान फिंगेश्वर, छुरा, राजिम, बासिन से आसानी से ठोक में देशी शराब उपलब्ध हो रहे हैं। यहां शराब दुकान से सांठगांठ और शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रहा है अनेक संदेह को इंगित कर रहा है। कुण्डेल में अवैध शेष पेज 12 पर

राजिम कुंभ कल्प मेला का डिप्टी सीएम ने किया विराट संत समागम का शुभारंभ

# संतों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ प्रेरणादायी राज्य बनेगा : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला में विराट संत समागम का शुभारंभ भगवान श्री राजीव लोचन की विधिवत पूजा-अर्चना एवं संतों के पादुका पूजन के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जब कोई राज्य धर्म और आध्यात्म की दिशा में आगे बढ़ता है, तो वह कल्याणकारी बनता है। इसी पथ पर छत्तीसगढ़ निरंतर अग्रसर है। यही कारण है कि आज दुनिया कहती है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म का ध्वज लहरा रहा है और संतों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ अपने पुराने वैभव को पुनः प्राप्त कर एक प्रेरणादायी राज्य के रूप में उभरेगा। प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा निरंतर बढ़ रही है।

**संतों के आशीर्वाद से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है : अग्रवाल-** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में राजिम कुंभ मेला की ऐतिहासिक शुरूआत हुई थी। बाद में विपरीत विचारधारा के सत्ता में आने के कारण यह आयोजन कुछ समय के लिए विराम लग गया, लेकिन साधु-संतों के आशीर्वाद से प्रदेश में पुनः विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार बनी और उसी के साथ राजिम कुंभ कल्प का भव्य पुनरारंभ संभव हो सका। उन्होंने शेष पेज 12 पर





### संतों का आगमन आयोजन को विशेष बनाता है

राजीव लोचन महाराज ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प कोई साधारण कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की आन-बान-शान का महामहोत्सव है। हर वर्ष संतों का यहां आगमन इस आयोजन को विशेष बनाता है। छत्तीसगढ़ की जनता धर्म और संस्कृति को सर्वोच्च स्थान देती है। उन्होंने ह्लराम नाम सांचा, राम हमर भांचाह्व जैसे नारों के माध्यम से सनातन चेतना का संदेश दिया तथा कुंभ पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रायपुर कमिश्नर महादेव कांवरे, गरियांबद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, राजिम नगर पालिका के अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी साहू, रिखीराम, राजेंद्र सूर्यवंशी, रूपनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मौसम का बदला मिजाज, दिन में तेज धूप तो रात में ठंड का एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

क्षेत्र में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बिगड़ा हुआ नजर आ रहा है। दिन चढ़ते ही तेज धूप और बिखराल गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है, जबकि शाम ढलते ही मौसम में ठंडक घुल जाती है। वहीं रात होते-होते फिर से ठंड का स्पष्ट एहसास होने लगता है। दिन के समय सूरज के तीखे तेवरों के कारण दोपहर में गर्मी अचानक बढ़ जाती है। खुले आसमान के नीचे निकलना लोगों के लिए परेशानी भरा हो रहा है। दूसरी ओर, शाम होते ही हवा में ठंडक घुल जाती है, जिससे मौसम पूरी तरह पलटी मार लेता है। रात में तापमान गिरने से लोगों को हल्की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इस बदलते मौसम का असर खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मौसमी बीमारियों से ग्रस्त लोगों पर देखने को मिल रहा है। सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार के मामलों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। जानकारों के अनुसार यह मौसम परिवर्तन संक्रमण काल का संकेत है, जिसमें दिन-रात के तापमान में अंतर अधिक हो जाता है। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने, सुबह-शाम गर्म कपड़ों का उपयोग करने और खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। कुल मिलाकर मौसम की यह आंख-मिचौली आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है और आने वाले दिनों में भी इसी तरह के उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पान दुकान से शराब बरामद, बुजुर्ग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक पान दुकान से पुलिस ने शराब बरामद किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम सिंघनपुर स्थित एक पान ठेला के पास पहुंचकर, जहां एक संदेही व्यक्ति पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गाडा राय बढई पिता परसु बढई (66 साल) ग्राम मोहका थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से 04 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** शहर के नयापारा में एक व्यक्ति के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी दिनेश मानिकपुरी के घर के सामने 09 फरवरी को उसका पड़ोसी बिसौहा यादव गाली गलौज कर रहा था, जिस पर प्रार्थी ने उसकी पत्नी तिजिया यादव से अपने पति को समझाने कहा। इस पर आरोपी बिसौहा यादव ने आकर गालियां देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अजयदास मानिकपुरी ने बताया कि वह फास्ट फूड बेचने का काम करता है। 9 फरवरी को वह अपने काम से ग्राम हर्राटार की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 3:30 बजे हर्राटार जाने वाले रास्ता में हनुमान मंदिर के पास उसके मोहल्ले का टीकम दास मानिकपुरी मिला, जो उसके फास्ट फूड ठेला में काम करता है ने कहा कि तुम बहुत पैसा कमाते हो और मुझे कम पैसा देते हो। ऐसे कहकर वह गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

### कंटेनर से टकराकर बाइक सवारों में एक की मौत, दो घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में पेट्रोल पंप के पहले कंटेनर से एक बाइक टकरा गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बरबसपुर के अमन निषाद ने बताया कि वह अपने पडोसी राजेश्वर निषाद और तुलसी निषाद के साथ राजेश्वर निषाद के मोटर साइकिल स्पलेंडर क्रमांक सीजी 04 एनएम 1828 से तुलसी निषाद के मां से मिलने के लिए ग्राम गोपालपुर गए थे। वापस आने के समय बाइक को राजेश्वर निषाद चला रहा था, बीच में तुलसी निषाद एवं पीछे में प्रार्थी बैठा था। एनएच 53 रोड जियो पेट्रोल पंप के पहले ग्राम कांपा में रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 11 ई 4438 से रात करीब 7.50 बजे उनकी मोटर साइकिल पीछे से टकरा गई। एक्सीडेंट में तीनों घायल होकर वहीं गिर गए।

## बदहाल शिक्षा व्यवस्था : अमलोर व हथौड़ाडीह स्कूल में चार दिनों से लटका है ताला

# जिले के वनांचल स्कूलों में लटके हैं ताले अफसर गिन रहे सफलता के आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर






**कार्रवाई की जाएगी**
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव ने चर्चा में बताया कि लगातार स्कूलों का मॉनीटरिंग समय-समय पर किया जा रहा है यदि कहीं स्कूल में ताला लगा है तो उचित कार्रवाई किया जायेगा।

गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। जहां एक ओर जिले के जिम्मेदार अधिकारी कार्यालयों के वातानुकूलित कमरों में बैठकर सफलता के आंकड़े पेश करने में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर धरातल पर स्कूलों में ताले लटके हुए हैं। अधिकारियों की उदासीनता और मॉनीटरिंग के अभाव में नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। ब्लॉक और जिला स्तर के अफसर वनांचल क्षेत्र के ग्रामों तक दौरा नहीं करते जिसके कारण कई स्कूलों में ताला ही नहीं खुल पाता और बच्चे वापस स्कूल में ताला देखकर लौट जाते है। ग्रामीणों ने बताया की कई बार इसकी शिकायत पंचायत पदाधिकारियों के माध्यम से किया जा चुका है लेकिन संबंधित विभाग के अफसर सिर्फ कार्यवाही का आश्वासन देते है उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं होता। मंगलवार को हरिभूमि टीम ने गरियाबंद ब्लॉक के अंतिम छोर ओड़ आमामोरा इलाके का दौरा किया इस दौरान मैनपुर से महज 18 किमी दूर शासकीय प्राथमिक शाला अमलोर में दोपहर 12 बजे ताला लगे नजर आया। इसके संबंध में जानकारी लेने पर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां शिक्षक सप्ताह में 1-2 दिन आते है बिते शुक्रवार 06 फरवरी से ताला बंद है यहां बच्चे पढ़ाई करने आते है लेकिन स्कूल में ताला बंद होने के कारण वापस लौट जाते हैं और तो और मध्यान भोजन बनाने वाले लोग मध्यान भोजन बनाकर दे देते है। इस स्कूल में पढ़ाने के लिए एकमात्र शिक्षक है वहीं हथौड़ाडीह प्राथमिक शाला में भी पिछले शनिवार से ताला बंद है यहां भी शिक्षक प्रतिदिन नहीं पहुंचते और तो और आमामोरा मिडिल और प्राथमिक शाला में कुल 05 शिक्षक तैनात किये गये है जिसमें सिर्फ एक शिक्षक सुरेश कुमार सोरी ही उपस्थित थे। सुरेश कुमार सोरी ने बताया प्राथमिक शाला में 64 बच्चे एवं मिडिल स्कूल में 37 छात्र - छात्राएं अध्यनरत है यहां स्कूल भवन की हालत बेहद खराब है। ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में बदहाल शिक्षा व्यवस्था किसी से छिपा नहीं है। जिम्मेदार अफसरों के मॉनीटरिंग के अभाव में शिक्षा का हालत बद् से बदत्तर होती जा रही है जबकि इस वनांचल पहाड़ी क्षेत्रे में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दम भरते अफसर थकते नहीं।

## लोकेश्वरी का मितानिनों ने किया सम्मान



**मैनपुर।** जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम का मितानिन बहनो द्वारा सम्मान किया गया और उन्हे समस्याओं के समाधान के लिए मांगपत्र सौंपा गया। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने सभी समस्याओ का संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है।



### भाजयुमो नेता ने की विधायक द्वय से मुलाकात

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू एवं साजा विधायक ईश्वर साहू से भाजयुमो नेता जवाहर शर्मा ने मुलाकात कर बुके भेंट किया। इस अवसर पर पांडुका से पहुंची उषा शर्मा गंगा आरती में शामिल हुई।

### गंगा आरती में रोहित साहू सपत्नीक शामिल हुए



**राजिम।** महानदी घाट में आयोजित गंगा आरती में विधायक रोहित साहू सपत्नीक शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक आरती की।

## शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन, 10 दिनों के भीतर समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



स्थानीय शिक्षक समिति मैनपुर के पदाधिकारी द्वारा आज मंगलवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल को स्थानीय समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौपा गया जिसमें विभिन्न लंबित अवकाश स्वीकृत, वर्ष 2023–24 में शिक्षकों के प्रमोशन पश्चात वेतनवृद्धि (जनवरी 2024–25) एवं 2026 को तत्काल दिया जावें। शिक्षक से माध्यमिक प्रधान पाठक, के पद पर पदोन्नत हुए शिक्षक साथियों का वेतनवृद्धि एवं दो माह का एरियर्स राशि का भुगतान एक सप्ताह के अदंर जमा किया जावें। श्री जबल सिंह नेगी, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला का मूल वेतन 53600 से 38700 हो गया है, जिसे सुधार कर बकाया राशि तत्काल संबंधित के खाता में जमा किया जावें। श्री मुकुन्द दास साहू, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला नागेश का नवम्बर 2017 का लंबित वेतन एक सप्ताह के अंदर प्रदाय किया जावें। सहायक शिक्षक से पदोन्नत होकर प्रधान पाठक बने 59 प्रधान पाठकों का 2 माह का एरियर्स राशि का भुगतान तत्काल करने के लिए आपके द्वारा आश्वासन दिया गया था, किन्तु 3 माह से अधिक हो जाने उपरांत भी आज पर्यन्त एरियर्स राशि जमा नही किया गया है, जिसे एक सप्ताह के अंदर जमा किया जावें। समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए समिति द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर को ज्ञापन दिया गया। उपरोक्त मांगों पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ समिति का सार्थक चर्चा हुआ सभी वित्ति य मांगो पर 10 दिवस के भीतर समाधान करने का आश्वासन दिया गया। समिति के प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक यशवंत बघेल, अध्यक्ष पारेश्वर पटेल, सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा, शेख ईमामुद्दीन, राजेश साहू, नीरज कुमार साहू, प्रदीप केवंट, सुषमादास, चित्ररेखा वर्मा, भुपेन्द्र देवांगन, जबल नेगी, मकुन्द दास साहू, विनय देवांगन, भागवत प्रसाद साहू, मुकेश ठाकुर, असद जया आदि उपस्थित रहें।

## पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस ने लगाया पोंड़ में चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम पोंड़ के बाजार चौक में चौपाल लगाकर जिला कांग्रेस ,ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व के कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब मजदूरों के लिए रोजगार हेतु मनरेगा योजना लागू किया गया था। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का नाम हटाने, किसानो के एक-एक दाना धान खरीदने की बात कहने एवं एसआईआर के माध्यम से कांग्रेस समर्थित मतदाताओ का नाम काटने के विरोध में केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ, रघुपति राघव राजाराम की भजन गाकर दोनों सरकार को सचेत करने उदबोधन दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ का हौसला बढ़ाते संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्व के कांग्रेस सरकार द्वारा महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना को एक अधिनियम बनाकर लागू किया गया था जिससे संपूर्ण देश एवं प्रदेश के गरीब मजदूरों को अपने परिवार की पालन पोषण के लिए रोजगार मिल सके।लेकिन अभी वर्तमान के मोदी सरकार द्वारा उक्त योजना को बंद करने का सुनियोजित षड्यंत्र रचने का काम करने एवं जिस राष्ट्रपिता की संपूर्ण विश्व में पूजने एवं सम्मान देने का कार्य किया जा रहा उसका नाम हटाकर अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है जो सर्वथा न्यायोचित नही है। हमारे पूर्व के प्रदेश मे कांग्रेस सरकार ने कोरोना जैसे विभत्स विपरीत समय में इसी मनरेगा के माध्यम से लोगो को जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त किया था। मै स्वयं जब लोग जान की डर से घर से निकलने के लिए कतराते थे तो संपूर्ण विधानसभा में घूम-घूमकर इसी महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से काम स्वीकृत कराकर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। आज प्रदेश के किसान अपने साल भर की मेहनत की कमाई को बेचने पर मजबूर है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा नाना प्रकार के प्रक्रिया लागू कर इस धान की कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ के लिए दुर्भाग्य है।

कार्यक्रम में राजू शर्मा, महामंत्री किसान कांग्रेस श्रवण चंद्राकर सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड,चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, गोपेश ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, संजीव गिरी गोस्वामी जनपद सदस्य, दिलीप बंजारे मंडल कांग्रेस अध्यक्ष, सतीश ध्रुव सरपंच, मोहन देवांगन सेक्टर प्रभारी, फूलदास मानिकपुरी सेक्टर प्रभारी, ओम प्रकाश वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, मानू तिवारी पूर्व सरपंच, पप्पू ध्रुव पूर्व सरपंच, रामकृष्ण यादव पूर्व सरपंच, हरीश साहू, मोहन चंद्राकर, कुंज लाल साहू, डीहु साहू, ज्ञान चंद यादव छबि पाल, विमल पटेल, ओझ राम साहू हृदय सिन्हा, गैसराम साहू, चंद्रहास साहू, टीकम बांदे, दानी साहू, टीकू साहू, जितेश मन्नाडे, सुरेश साहू, विजय ध्रुव, चतुर तारक, हरेंद्र ध्रुव, यशवंत वर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### स्कूलों में मशीनें...

8 वीं तक संचालन होता है किंतु उसमें नहीं के बराबर सेनेटरी पेट की मशीन लगी है इससे पता चलता है कि सेनेटरी को लेकर स्कूल प्रशासन कितना गंभीर है हाई स्कूल दादर गांव में मशीन लगा है किंतु पैड नहीं है। सिवनी में मशीन बंद है किंतु बच्चों को मैन्युअल में पैड उपलब्ध कराया जा रहा है इसी तरह अलग-अलग स्कूलों की अलग-अलग कहानी है।

### राजिम कुंभ कल्प...

गया उस समय भी वे उनके साथ थे। उनके सर पे गोली भी लगी लेकिन वे बच गए। तब उन्होने उसी समय ठान लिए कि वे आत्मसमर्पण करेंगे। बता दें कि राजिम कुंभ कल्प मेला ने उनकी तकदीर और तस्वीर बदल दी है। यहां शासन द्वारा आयोजित 283 जोड़ो का सामूहिक विवाह कार्यक्रम रखा गया। जहां पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच वे विवाह के बंधन में सात फेरे लेकर बंध गए। शासन ने उन्हें घर गृहस्थी बसाने के लिए वह सारा सामग्री दिया जो एक गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक होता है। इन चार जोड़े नक्सलियो के नाम भीमा भोगम-पायकी कारम, रमेश ओयम-देवे मड़कम,भीमा मंडावी-जुनकी मरकाम, संतु जुर्री-मंजुला मुचाकी है।

**दिग्गजों का आशीर्वाद**- मेला मैदान में हर ओर खुशियों, उल्लास और संतोष का माहौल देखने को मिला। यह आयोजन सामाजिक एकता, समानता और सरकारी संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विभाग द्वारा 50 हजार रुपए का व्यय किया जाता है। जिसमें 35 हजार रुपए वधु के बैंक खाते में हस्तांतरित कर, 7 हजार रुपए के श्रृंगार सामग्री और 8 हजार रूपए अन्य खर्च शामिल है। कार्यक्रम में कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका परिषद् राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जनपद पंचायत छुरा के अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, लालिमा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक संदीप...

मंडल के माध्यम से मुलाकात कर भोग भंडारा संचालन के लिए पंडाल एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं, जिससे आज यह भव्य सेवा कार्य निरंतर संचालित हो रहा है। भोग भंडारा के ऐसे परम सहयोगी विधायक संदीप साहू का सेवा हेतु राजिम आगमन सभी श्रद्धालुओं और समाजजनों के लिए प्रेरणादायक है। राजिम कुंभ मेला में यह भोग भंडारा श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का सशक्त उदाहरण बन चुका है।

### 27 लीटर शराब...

शराब बिक्री पर बड़ी कार्यवाही की मांग ग्रामवासी कर रहे हैं। गरियाबंद पुलिस प्रशासन का नशे के विरूद्ध नया सवेरा अभियान के तहत एवं थाना प्रभारी फिंगेश्वर से जारी प्रेस नोट बताया गया कि सोमवार को मुखबीर से सूचना मिला की सोमवार को एक व्यक्ति अपने बिना नम्बर प्लेट वाली स्प्लेण्डर मोटर सायकल मे अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है। सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के घटना स्थल पहुंचकर मुखबीर के बताये स्थान पर रेड़ कार्यवाही करने पर आरोपी लोमेश ध्रुव पिता रामजी ध्रुव उम्र 30 वर्ष साकिन कुण्डेल थाना फिंगेश्वर के पास से एक हरा रंग के बेग में 150 नग पौवा देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल शराब भरा हुआ कुल 27 लीटर कीमती 15000/- रूपये एवं एक मोटर सायकल बिना नम्बर प्लेट स्प्लेण्डर कीमती 30 हजार रूपये मिलने पर आरोपी के कब्जे से समक्ष गवाहन के जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया। आरोपी का उक्त कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से थाना फिंगेश्वर में अपराध क्रमांक 33/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में मंगलवार को आरोपी लोमेश ध्रुव के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां उनके निर्देश पर जेल दाखिल किया गया।

### संतों के आशीर्वाद से...

कहा कि छत्तीसगढ़ सनातन संस्कृति की भूमि है, जहां कण-कण में शंकर का वास है और हर स्थान एक पवित्र धार्मिक स्थल के रूप में प्रतिष्ठित है। साधु-संतों के आशीर्वाद से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि संत समाज का आशीर्वाद ही राजिम कुंभ कल्प की आत्मा है और इस आयोजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में उनकी भूमिका सर्वोपरि है। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम वही पावन धरती है, जहां सोंढूर, पैरी और महानदी नदियों का संगम भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जीवंत बनाए हुए है। यह सनातन परंपरा का प्रतीक स्थल है। नदी के मध्य विराजमान कुलेश्वरनाथ महादेव और भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन मात्र से मन को शांति और नई ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण का महापर्व है।

## बिजली स्कूल मे परीक्षा पे चर्चा पर छात्रें ने पीएम मोदी के दूसरे एपिसोड का प्रसारण

# असली शिक्षा वही है जो जिंदगी की हर परीक्षा में काम आए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा (नौवें संस्करण) कार्यक्रम के दूसरे एपिसोड का प्रसारण 9 जनवरी को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया।दूसरे एपिसोड में देश भर के छात्रों को एक मंच पर लाया गया इस सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गुजरात, असम, गुवाहाटी के छात्रों से सीधे संवाद किए। बातचीत के दौरान छात्र परीक्षा तनाव, कैरियर और जीवन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री से सवाल पूछते नजर आए। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन और प्रेरणा दोनों का महत्व है। अगर अनुशासन नहीं है तो कितना ही प्रेरणा क्यों ना हो वह बोझ बन जाता है और निराशा पैदा करता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं है बल्कि असली शिक्षा वहीं है जो जिंदगी की हर परीक्षा में काम आए एवं बच्चों के भीतर समझ कौशल और नैतिक मूल्य को बढ़ाएं। जीवन में परीक्षा का तनाव चाहे जितना हो अपनी जड़ों, अपनी परंपराओं और अपनों के साथ साझा किए गए छोटे-छोटे पल ही तनाव से राहत देने वाला होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि परीक्षा के समय अच्छी नींद भी बहुत जरूरी है क्योंकि अच्छी नींद से प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ती है, ऊर्जा मिलती है, तनाव कम होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

**खेल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक**- उन्होंने आगे कहा कि खेल हमारे जीवन में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और सवांगीण विकास के लिए आवश्यक है। नियमित खेलकूद से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता विकसित होने के साथ-साथ यह तनाव दूर करने में सहायक होता है। ज्ञात हो कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आए थे इसी दौरान नया रायपुर में डीजी आईजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जहां प्रधानमंत्री ने होनहार विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक और खास पल तब देखने को मिला जब छत्तीसगढ़ के छात्र प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी और खुरमी को बड़े प्यार एवं आत्मीयता से खिलाए तो प्रधानमंत्री जी के चेहरे में मुस्कान आ गई। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम समाप्त होने पर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को तनाव मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होकर अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**




## परसदा कला स्कूल में कक्षा 9वीं के 22 छात्राओं को दी गई साइकिल

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा कला में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 22 छात्राओं को साईकल का वितरण किया गया। यह वितरण शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं के बालिकाओं को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष एवं सदस्य गण की गरिमामय उपस्थिति में 22 बालिकाओं को साइकिल प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस योजना के बारे मे अध्यक्ष बालिक राम साहू ने कहा कि शासन के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं दूरस्थ ग्रामों से शाला तक आने जाने के लिए इस योजना के तहत साईकिल दी जाती है। मेरा सभी छात्रओं से अनुरोध है कि इस साईकिल से वे अपने घरों से प्रतिदिन नियमित रूप से शाला पहुंचे और लगन के साथ पढ़ाई पर ध्यान देवे। उपरोक्त साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य नारायण जी ठाकुर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष बालिक राम साहू, सरपंच गणेश राम साहू, सदस्यगण नारद साहू,खुमान साहू, मिथलेश साहू, नीलकंठ साहू, विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता गिरवर यादव, सीमा साहू, शाइस्ता अंसारी, हरीश देवांगन एवं विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के मृतक मनीष बरिहा की माता नर्मदा बरिहा के लिए एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोल्दा के मृतक सदानंद चक्रधारी की पत्नी गायत्री चक्रधारी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## तीन दिवसीय श्रीश्याम फागुन महोत्सव 17 से

**पिथौरा (ग्रामीण)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में श्री श्याम सेवा समिति पिथौरा, तेंदूकोना एवं भुरकोनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्तिमय आयोजन पिथौरा नगर में 11वीं बार आयोजित किया जा रहा है।

## घर के सामने से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने रखी स्कूटी चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर निवासी निर्मला निषाद ने 12 दिसंबर 2025 को अपने वाहन प्लेजर क्र. सीजी04एमजे8903 को घर के सामने रखा था। दूसरे दिन 13 दिसंबर को उसने देखा कि स्कूटी उक्त जगह पर नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब स्कूटी नहीं मिली तब महिला ने 09 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया।

**आयोजन : गुरु-शिष्य परंपरा और यादों से नम हुई आंखें, स्वागत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**

# परसदाकला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला में अध्यनरत कक्षा बारहवीं की समस्त छात्र–छात्रओं को कक्षा ग्यारहवीं के समस्त छात्र छात्रओं द्वारा आज विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख एनएस ठाकुर प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं कश्यप की अध्यक्षता एवं समस्त कक्षा बारहवीं की छात्र-छात्राओं को विशिष्ट आतिथ्य के रुप मे मंचासिन किया गया। विदाई कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट करके तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं समस्त छात्र-छात्राओं को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न मनोरंजन खेल के माध्यम से उत्साह एवम्‌ मनोरंजन किया गया।इसके बाद समस्त छात्र-छात्राओं को अपने विगत वर्षों की विचार को रखने के लिए क्रमशः आमंत्रित किया गया जिसमें सभी बच्चे विद्यालय एवं शिक्षक की अनुशासनशीलता एवं विद्यालय के वातावरण की अपने मन से प्रशंसा की। समस्त छात्र-छात्राओं के विदाई की कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें समस्त शिक्षक गुरु शिष्य की परंपरा एवं विदाई के कार्यक्रम को भावुक कार्यक्रम बताया एवम्‌ उज्जवल भविष्य की कामना की। व्याख्याता गिरवर यादव ने विदाई के कार्यक्रम को एक विरह का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि विद्यालय की विदाई विवोग के साथ-साथ मंजिल की ओर ले जाने वाला कार्यक्रम बताते हुए कहा कि यह जीवन का एक पड़ाव है जिसमें आपके उज्जवल भविष्य छिपा हुआ है। इस विद्यालय में आपको जो अच्छा लगा उसे आप दूसरों के सामने रखेंगे एवं जो भी आपको बुरा लगे उसे यही तक छोड़कर जाएंगे। विद्यालय से जाने के बाद गुरु शिष्य की परंपरा का सदैव निर्वहन करते रहेंगे क्योंकि एक शिक्षक हमेशा अपने छात्र को उच्चतम शिखर तक जाते हुए अति आनंदित होता है। शिक्षा की मूल उद्देश्य को पूरा करते हुए आप अपने जीवन को सफलता की शिखर तक ले जाएंगे यह विचार उनके द्वारा रखा गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। मुख्य अतिथि एन एस ठाकुर द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि समस्त छात्र-छात्राएं उच्चतम अंकों से सफलता अर्जित करें एवं अपने जीवन को सफल बनाएं और विद्यालय का नाम रोशन करें एवं आगे की पढ़ाई पूर्ण रुचि के साथ करने के लिए शुभकामनाएं दिया। अध्यक्षता कर रहे ए कश्यप व्याख्याता द्वारा बच्चों को कुछ काव्य पंक्तियों के माध्यम से शुभकामना प्रेषित किया व्याख्याता एच के द्वारा देवांगन द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत करके समस्त बच्चों को एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को भाव बिभोर कर दिया।





**स्मृति चिन्ह और सरस्वती प्रतिमा भेंट**

तत्पश्चात समस्त 12वीं के छात्र-छात्राओं को भेंट प्रदान करके ससम्मान विदाई दिया गया। उक्त छात्रों द्वारा अपनी ओर से मां सरस्वती की विशाल प्रतिमा भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्र कुमारी नेहा निषाद एवं कुमारी फलेश्वरी साहू ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में समस्त ग्यारहवीं के छात्र-छात्रएं तन मन धन से सहयोग प्रदान किया। एलआर साहू, सीमा साहू, वायके साहू, जसवंतीन टोडरे, संगीता साहू, बबली विश्वकर्मा उपस्थित थे। कुमारी हेमपुष्पा साहू द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का इस कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अमर सिंह को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

संकुल केंद्र परसदाकला विकासखंड फिंगेश्वर में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अमर सिंह ध्रुव एवं स्थानांतरित शिक्षिका ममता सिन्हा एवं तेजकुमारी दीवान का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के शिक्षकों ने उनके कार्यकाल को याद रखते हुए उन्हे भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानपाठक अमर सिंह ध्रुव, अध्यक्षता प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि तेज कुमारी दीवान, ममता सिन्हा, सुभाष शर्मा बीआरसी फिंगेश्वर, पूरन लाल साहू (व्याख्याता बिजली), नरेश साहू संकुल समन्वयक, गिरवर यादव व्याख्याता की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा कला की छात्रओं द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शिक्षक नकुल नाथ योगी ने श्री ध्रुव के व्यक्तित्व एवं शैक्षिक कार्यकाल को विस्तृत रूप से जानकारी दी। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता।वे अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को नहीं राह दिखाता है। कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक - शिक्षिकायें गिरवर यादव, सीमा साहू, एच के देवांगन, शाइस्ता अंसारी, ए कोसरे,व्याख्याता, वाय के साहू, शांति सेन, डोगेन्द्र पांड़े, मेनका ध्रुव, राकेश पांडे,जागेश्वर कंवर, शंभु यादव, पूनम साहू, नकुल नाथ योगी, थनेश्वरी साहू, ओमप्रकाश साहू, भीमेन्द्र साहू, घनश्याम बघेल, थानू निषाद, परमेश्वर यादव,नरेन्द्र ध्रुव, कामना दास मानिकपुरी, धर्मेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# भाजपा ने वीबी जी राम जी योजना पर जागरूकता आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



भाजपा मलेवा अंचल मंडल न विकसित भारत जी राम जी जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सोमवार को ग्राम कुडेरादादर 9 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री नारायण सिन्हा, धनराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, श्यामलाल सोरी, बालकराम मरकाम, भुवेन्द्र मरकाम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार ने कहा कि वीबी जी राम जी ( विकसित भारत - गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 ) को ग्रामीण भारत के लिए एक दूरदर्शी पहल बताया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याण योजना तक सीमित न रखकर, विकास से जुड़ी कानूनी गारंटी के रूप में स्थापित करना है, ताकि विकसित भारत 2047, के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इसी कड़ी में मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा इस अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी दी गई है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए,फसल बुवाई और कटाई के प्रमुख मौसम में वर्ष में अधिकतम 60 दिनों तक वीबी जी राम जी के कार्यों को कानूनी रूप से रोका जाएगा, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने बताया कि इस प्रावधान से किसानों को 60 दिनों की अतिरिक्त मज़दूरी सुरक्षा मिलेगी। इस मौके पर तुलेश्वर ध्रुव,दसरू राम सोरी, ललित, झवर अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, देवेश ठाकुर, कृष्णा साहू, बृज, दुलेश्वर सहित समस्त मलेवा अंचल के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झेरिया यादव समाज के देवलाल बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र राज छुरा का वार्षिक अधिवेशन दिनांक 8 फरवरी को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अधिवेशन में परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण अध्यक्ष ठाकुर राम यादव, सलाहकार रामजी यादव, उपाध्यक्ष गेंद राम यादव, सचिव विनोद यादव, प्रवक्ता मनहरण यादव एवं देवलाल यादव, मंत्री मीनू यादव, सह सचिव राघवेंद्र यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिसाहिन यादव सहित समस्त पदाधिकारी, पंचगण एवं बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों का गुलाल, अक्षत, श्रीफल एवं साफा भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। अधिवेशन में समाज की वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके पश्चात परिक्षेत्र के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई, जिसमें अध्यक्ष देवलाल यादव (रसेला) उपाध्यक्ष गिरधारी यादव (सारागांव), सचिव राघवेंद्र यादव (रसेला), सह सचिव लोकेश यादव (छुरा), कोषाध्यक्ष नंदकुमार यादव (राजपुर), महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बिसाहिन बाई यादव (छुरा) को दायित्व सौंपा गया। जिसके पश्चात नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को समाजजनों द्वारा बधाई एवं



शुभकामनाएं दी गईं। नवनियुक्त अध्यक्ष देवलाल यादव ने समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों और पहचान की रक्षा कर सकता है तथा एकजुटता, अनुशासन और निरंतर संवाद से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। नवनियुक्त सचिव राघवेंद्र यादव ने शिक्षा को समाज के विकास का मुख्य आधार स्तंभ बताते हुए शत-प्रतिशत शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक परिवार से संकल्प लेने की अपील की।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उन्नत खेती, स्वरोजगार और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ें तथा आधुनिक तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें। इस अवसर में समाज के वरिष्ट पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।अधिवेशन का सफल संचालन विनोद यादव एवं मनहरण यादव द्वारा किया गया।

# राजिम कुंभ में दिव्यांग बच्चों के संरक्षक बने विधायक, साथ झूला झूलकर बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



महानदी, पैरी और सोढुर के पावन त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कल्प कुंभ में कल अत्यंत भावुक और प्रेरक दृश्य देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर दिव्यांग बच्चों के साथ मेला भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सक्षम दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के बच्चों को अपार स्नेह दिया और उनके साथ खुद भी झूला झूलकर और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। विधायक रोहित साहू ने दिव्यांग बच्चों के साथ राजिम कल्प कुंभ मेले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पसंद का ध्यान रखते हुए उन्हें विभिन्न झूलों की सवारी कराई। विधायक को अपने बीच पाकर और उनके साथ मजे करते देख बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यह माहौल बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। विधायक श्री साहू ने इस पहल समाज को एक बड़ा संदेश दिया और दिव्यांग बच्चों को अपने साथ एक संरक्षक की तरह मेले में घुमाया। बच्चों की सुरक्षा और खुशी का ख्याल रखते हुए उन्होंने उनके साथ कई झूले झूलने का आनंद लिया। विधायक को अपने बीच पाकर बच्चे बेहद उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। बच्चों के साथ समय बिताने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। राजिम कल्प कुंभ की दिव्य अनुभूति का आनंद लेने का अधिकार इन्हें भी है। आज इनके साथ समय बिताकर जो सकून मिला है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। बच्चों की हंसी और उत्साह ही मेरी असली ऊर्जा है। हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है और उनकी खुशियों का ध्यान रखना है। इस दौरान बच्चों के साथ मौजूद उनके शिक्षक और परिजनों ने विधायक की इस पहल की जमकर प्रशंसा की और इसे एक यादगार दिन बताया। विधायक की इस पहल का मेले में आए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। एक जनप्रतिनिधि द्वारा आम लोगों और विशेषकर दिव्यांग बच्चों के साथ सहजता से घुल-मिल जाना सामाजिक समावेश का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है।

- दिव्यांग बच्चों को कराया मेले व मीना बाजार का भ्रमण

## सिरीखुर्द और छुईहा में बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल की गोली



**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिरीखुर्द, प्राथमिकता शाला सिरीखुर्द एवं हायर सेकंडरी छुईहा में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मितानिन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जिसमे 32 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से बचाव किया गया। इस दौरान बच्चों को दवा सेवन की सही विधि, स्वच्छता के महत्व तथा कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में दी गई। कार्यक्रम में मितानिन कार्यकर्ता सरस्वती कंडरा लोकेश्वरी साहू बच्चों के साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों को भी स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा कि दवा का सेवन कर स्वयं सुरक्षित बनें और भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहभागी बनें। इस मौके पर सरपंच देवेंद्र वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव श्री चिंताराम सिन्हा, सीता साहू लीलाराम मतावले उपस्थित थे। वहीं छुईहा हाई स्कूल में मितानिन कमला सिन्हा प्रेमिन सिन्हा प्राचार्य एमके साहू, रामाधीन उपस्थित थे।

## दिन में गर्मी और रात में कड़ाके की ठंड से सेहत पर असर पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अंचल में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में कड़ाके की ठंड ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। दोहरे मौसम के कारण सर्दी, खांसी, बुखार ,गले में खराश, एलर्जी और बदन दर्द की वृद्धि हुई है। यह मौसम एलर्जी और वायरल संक्रमण को बढ़ाता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गो में अस्थमा और एलर्जी का खतरा बढ़ रहा है। मौसम में लगातार उतार चढ़ाव बना हुआ हैं। नतीजतन, कभी ठंड का तेज अहसास होता है, तो कभी मौसम सामान्य से अधिक गर्म लगने लगें हैं। इस बदलाव ने लोगों को असमंजस में डाल दिया है। बदलते मौसम का असर लोगों को दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों पर पड़ रहा है। सुबह घास के मैदानों पर ओस की परत दिखाई दे रही है, जिससे मार्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। डॉ राहुल नेताम ने कहा कि ऐसी मौसम में वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं, जिससे संक्रमण तेजी से फैलता है। आंखों में खुजली, लाली, छींक, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं आम हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ जाती है। यही नमी रात के न्यूनतम तापमान को ऊपर ले जाती है, जिससे रात ठंड हो रही है, वहीं दिन के समय उत्तर दिशा से आने वाली हवाएं बनीं है, जिससे दिन और रात में तापमान में अंतर साफ़ दिखाई देता है। जनवरी के अंतिम सप्ताह से अब तक पांच पश्चिमी विक्षोभ इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं, जिसके कारण तापमान में बार बार बदलाव हो रहा है। मौसम के ऐसे चेंजेज का असर हमारे शरीर पर बुरी तरह से पड़ रहा है।

# 10वीं के छात्रों को वितरित किए गए एडमिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मुंगझर डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम एवं उज्वल भविष्य की कामना के लिए वैदिक हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं मानसिक शांति का संचार करना था। हवन उपरांत विद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों को उनके-अपने बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या सुमिता सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि परीक्षा के समय मन को शांत, एकाग्र और सकारात्मक रखकर पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा शिक्षक नीरज कुमार साहू ने विद्यार्थियों को सभी विषयों का नियमित अभ्यास करने, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर स्पष्ट एवं सुंदर लेखन में उत्तर लिखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ हवन का समापन हुआ। सभी विद्यार्थियों ने प्राचार्या महोदय का आशीर्वाद प्राप्त किया और परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन का संकल्प लिया।



**खबर संक्षेप**



### सीआईटी साइंस एण्ड कॉमर्स महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया फील्ड विजिट

**नवापारा-राजिम।** सीआईटी महाविद्यालय के-2020 स्नातक में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में स्किल एनहैंसमेंट कोर्स एसईसी के अंतर्गत पाठ्यक्रम से संबंधित फील्ड विजिट आयोजित किया गया यह विजिट विज्ञान विभाग के सहायक अध्यापक चेमन लाल एवं डिकेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस फील्ड विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कक्षा में पढ़ाया गया बागवानी एवं फूलों की खेती का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना तथा पाठ्यक्रम ज्ञान को वास्तविक जीवन के अनुभव से जोड़ना था। विजिट के दौरान छात्र-छात्राओं ने मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला में अलग अलग मशरूम बनाने की विधि के बारे में समझा तथा फ्लॉवर डेकोरेशन एवं फूलों की खेती का अवलोकन किया। इस विजिट के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम को सरल एवं रोचक तरीके से समझने का अवसर मिला' फील्ड विजिट में महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक केशव राम देवांगन, देवानंद चक्रधारी, मुकेश साहू ,मिस पिंकी जोशी, नूतन साहू एवं वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक अस्मिता साहू, आलोक अग्रवाल तथा कला विभाग के सहायक प्राध्यापक मिस सरोज साहू उपस्थित रहे ।विजिट अत्यंत सफल ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा।

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में ग्राम लोहारडीह निवासी नेहरू यादव की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता शिखा यादव को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**समस्या : 12.27 किमी सड़क का निर्माण कार्य हो चुका पूर्ण, बाकी फारेस्ट एरिया आने के कारण लगी रोक**

# 8 साल, 13 शहादतें और 24 टेंडर, आमामोरा सड़क निर्माण फिर वन विभाग की एनओसी में उलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद में नेशनल हाइवे 130 सी दबनई से आमामोरा ओंड़ को जोड़ने वाली 31.65 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पिछले डेढ़ वर्ष से रुक गया है यह सड़क 2008 में स्वीकृत हुई थी पीएमजीएसवाई विभाग 18 साल बाद भी इस सड़क का निर्माण पूरा नहीं करा पाया है वर्तमान में 8 किलोमीटर सीसी सड़क समेत 12 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है 10 किलोमीटर पर बीटी कार्य पूरा कर लिया गया है, जिस पर डामर डालना शेष है शेष हिस्से में काम चल रहा था, लेकिन उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने एनओसी का हवाला देकर मार्च 2025 को काम बंद करा दिया। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के अनुसार, निर्माण क्षेत्र का हिस्सा रिजर्व फॉरेस्ट के बफर जोन में आता है इसके लिए वाइल्डलाइफ और फॉरेस्ट एनओसी लेना अनिवार्य है। मिली जानकारी के अनुसार इस सड़क का काम 2008 में मंजूर हुआ था, लेकिन 2011 में इस क्षेत्र में नक्सली हमले में तत्कालीन एडिशनल एसपी राजेश पवार समेत 10 पुलिस जवानों की हत्या के बाद काम पहली बार रुका था यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है उस समय प्रोजेक्ट की लागत 10 करोड़ रुपए थी 2022 में काम को फिर से शुरू करने की पहल हुई रिवाइज एस्टीमेट में लागत बढ़कर 23.34 करोड़ रुपए हो गई। विभाग ने कार्य को पांच भागों में बांटकर दो साल में 23 बार टेंडर निकाला 24वें प्रयास में 2023 में कार्य के लिए अनुबंध हो सका 2012 में यह क्षेत्र टाइगर रिजर्व घोषित हो चुका था, लेकिन पीएमजीएसवाय विभाग ने इस तथ्य की अनदेखी की जिसके कारण काम रूक गया। वन विभाग की क्लियरेंस प्रक्रिया के तहत निर्माण क्षेत्र के दुगुने क्षेत्र में पौधा लगाने का नियम है कुल 44 बिंदुओं पर मंजूरी लेनी होगी, जिनमें से तीन वन और वन्यजीव विभाग से संबंधित है प्रति हेक्टेयर लगभग 60 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है, यानी कुल 10 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च आएगा यह रकम सड़क निर्माण के बजट में शामिल नहीं है।

■ पिछले विवादों के कारण 2011 में भी रुका था काम



**एनओसी मिलते ही काम में तेजी आयेगी**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिशेक पाटकर ने बताया 31.65 किमी सड़क निर्माण में महज 12.27 किमी पूर्ण हो पाया है और यह निर्माण कार्य वर्ष 2007-08 में प्रारंभ हुआ था निर्माण कार्य में रोक के बाद फारेस्ट क्लियरेंस पर पूरी टीम ने काम करना शुरू कर दिया है निर्धारित 44 बिंदुओ में से ज्यादातर की औपचारिकताएं पूरी हो गई है एनओसी मिलते ही काम में तेजी आयेगी। श्री पाटकर ने बताया वाइल्ड लाइफ एरिया के कारण कार्य रूक गया है और इस संबंध में प्रपत्र वाइल्ड लाइफ स्टेट को भेजा जा चुका है स्टेट वाइल्ड लाइफ का बैठक हो गया है और उसमे अनुमोदन भी हो चुका है अब नेशनल वाइल्ड लाइफ नई दिल्ली क्लीयर होने के लिए गया है अनुमति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जायेगा।

**सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग**

सरपंच आमामोरा अर्जुन लाल, राजीबाई, लखमुराम, लखन यादव, पोटोसिंह, भुनेश्वर यादव, रामसिंह, सुंदरसिंह, गंभीरसिंह एवं क्षेत्र के लोगो ने विधायक जनक ध्रुव से मुलाकात कर अधुरे ओड़ आमामोरा सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग किया है। विधायक जनक ध्रुव ने इस मामले में जल्द ही संबंधित अफसरो से बात कर सभी प्रक्रिया पूर्ण करवा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का आ''वासन दिया है।



**दहशत के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था-** मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2007-08 में इस सड़क को स्वीकृति मिली थी, 2010 में सड़क का काम शुरू हुआ इसी बीच मई 2011 में अमामोरा पहाड़ी पर नक्सलियों ने एडिशनल एसपी राजेश पवार समेत 09 जवानों को एंबुश में फंसा कर हत्या कर दी थी इस सड़क में एडिशनल एसपी सहित 09 जवान शहीद हो गए, 2011 में जुलाई अगस्त तक माओवाद की इस क्षेत्र में गहरी पैठ होने के कारण दहशत के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। इसी बीच 2015 में बम धमाके में इस मार्ग में दो जवान और शहीद हो गए लगातार पुलिस के दबाव के चलते नक्सली दहशत थोड़ा कम होने पर वर्ष 2022 में एक बार फिर सड़क काम को शुरू करने की पहल हुई रिवाइज स्टीमेट बनाया गया लागत बढ़ कर 23.34 करोड़ हुई काम को पांच भागों में बांटकर दो साल में 23 बार टेंडर कॉल किया गया, 24वें कॉल में 2023 में कार्य के लिए अनुबंध भी हो गया और तो और सीआरपीएफ पुलिस बल जवानो की सुरक्षा में काम भी शुरू हुआ उसके बाद मार्च 2025 में काम बंद हो गया।

## गरीबों के हक पर डाका डाल रही भाजपा सरकार : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सर्व आदिवासी समाज के जिलाअध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023–24 से अब तक बोनस राशि का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला है। नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता बोनस रोकना सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि वनांचल के गरीब,आदिवासी और मेहनतकश परिवारों के हक़ पर सीधा हमला है। जिन लोगों की रोज़ी-रोटी तेंदूपत्ता संग्रह पर निर्भर है,उन्हें उनका ही पैसा नहीं दिया जा रहा, यह भाजपा सरकार की संवेदनहीनता और दोहरे चरित्र को उजागर करता है। इसी तरह मोदी की गारंटी के तहत फड़ मुंशीयों को 25000/- वार्षिक मानदेय दिया जाना था,पर सत्ता में आते ही उसे भी भुला दिया गया ।उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुद को आदिवासी और वनवासी हितैषी बताते नहीं थकते, लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि तेंदूपत्ता संग्राहक अपने हक़ के बोनस के लिए दर-दर भटक रहे हैं। तेंदूपत्ता बोनस कोई अनुदान नहीं, बल्कि संग्राहकों की मेहनत की वैध कमाई है, जिसे रोकना अन्याय है। नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही लंबित तेंदूपत्ता बोनस का भुगतान नहीं किया, फड़ मुंशीयों को उनका वार्षिक मानदेय नहीं दिया जाता तो वनवासी हितग्राहियों के साथ मिलकर सड़क कि लडाई लड़ेगी।वही लघु वनोपज समिति टेंगनाबासा के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने कहा कि समिति के सदस्यों को पंचायती राज व्यवस्था की तरह समिति संचालक प्रतिनिधियों को उचित मासिक मानदेय तथा भत्ता देय हो और शाख कर्तन कार्यशाला,प्रशिक्षण संग्रहको को समिति स्तर पर देना चाहिए ताकि समिति के सभी ग्राम के संग्रहण कर्ताओं को इस जागरुकता अभियान का भरपुर लाभ मिल सके,रेंज स्तर तथा जिला स्तर पर कार्यशाला गाना न्यायोचित ही है,तेंदू पत्ता कै तोडने वाले संग्राहक गाँवों मे रहते है कि रेंज और जिला मे रहते है प्रामाणिक लघु वनोपज सहकारी समिति टेंगनाबासा समिति के जिला प्रतिनिधि आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर और समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने अपने संयुक्त ब्यान मे शासन और प्रशासन के वादा खिलापी तथा लचर व्यवस्था





## गायत्री परिवार के जन्म शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने छुरा में उमड़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री परिवार के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन्म शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक और परिणामकारी बनाने के उद्देश्य से गायत्री शक्तिपीठ छुरा में उपजोन स्तरीय मंथन बैठक आयोजित की गई। बैठक में छुरा, गरियाबंद, फिंगेश्वर तथा राजिम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित जनों ने हरिद्वार में जिले एवं राज्य स्तर पर लिए गए संकल्पों को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए उपजोन प्रमुख मनहरण साहू ने जन्म शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प पत्र भरने के लिए प्रेरित करते हुए वर्ष भर आयोजित होने वाले केंद्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष केवल उत्सव का नहीं, बल्कि साधना, सेवा और संगठन विस्तार का वर्ष है। सीपी साहू ने गायत्री चेतना के व्यापक प्रसार के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने घर-घर पहुंचकर परिवारों को जोड़ने, दीपयज्ञ, संस्कार, स्वाध्याय मंडल तथा युवा जागरण गतिविधियों को गति देने का आह्वान किया। वहीं सूरज लांबा ने व्यक्तित्व निर्माण को प्राथमिकता बताते हुए साधना की नियमितता, स्वाध्याय की गहराई और जीवन में प्रामाणिकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युग परिवर्तन का आधार स्वयं का परिवर्तन है। जिला संगठन प्रभारी रोमन चंद्राकर ने वर्ष 2026 के लिए जिला स्तर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव तक प्रज्ञा मंडल गठन का लक्ष्य रखा गया है, ताकि संगठन की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचे और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ें। जिला समन्वयक टीकम साहू ने अपने उद्बोधन में समय की महत्ता बताते हुए हर कार्यकर्ता से अधिकतम समयदान और श्रमदान करने की अपील की। गायत्री शक्तिपीठ छुरा क्षेत्र के परिजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां अपने हाथों में लीं। बैठक में लगभग 70 लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इसे युग परिवर्तन की दुर्लभ बेला बताते हुए अपने दायित्व तय किए और साधना की प्रखरता निखारने की योजनाएं बनाईं। सात प्रमुख आंदोलनों के माध्यम से 101 कार्यक्रमों को वर्ष भर क्रियान्वित करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। बैठक का समापन उत्साह, एकता और समर्पण के वातावरण में हुआ। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठित प्रयासों से जन्म शताब्दी वर्ष के संकल्पों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाएगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित होगी।



## रानी माहेश्वरी शाह ने दी शिक्षित बनो, संगठित रहो की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अखिल भारतीय आमत गोंड समाज सर्कल छुरा वार्षिक सम्मेलन 08 फरवरी को ग्राम बहेराभाठा में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त प्रभाग की पदाधिकारी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में प्राकृतिक शक्ति श्री बड़ादेव की पूजा अर्चना कर सामाजिक सम्मेलन की मुख्य अतिथि छुरा राजमहल की रानी साहिबा माहेश्वरी शाह एवं उनके सुपुत्र राजकुमार उत्कर्ष शाह जी रहे। एवं अध्यक्षता सर्कल अध्यक्ष सुधेराम ओंटी विशेष अतिथि के आसंदी पर छुरा राज अध्यक्ष रंजीतसिंह ठाकुर, महामंत्री संतान सिंह नेताम, संरक्षक रामगोपाल मरकाम, उपाध्यक्ष रामचरण नागेश मंच पर मौजूद रही।रानी साहिबा माहेश्वरी शाह ने यहां की सामाजिक रीति रिवाज परंपरा संस्कृति की खूब प्रशंसा की। उन्होंने अपने को चंद्रपुर महाराष्ट्र की राजघराने की बेटी व छत्तीसगढ़ के बिंद्रा नवागढ़ छुरा राजमहल की बहुरानी होने का सौभाग्य शाली होने की खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कि नारा को बुलंद करती हुई शिक्षित बनो और संगठित रहो शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस सम्मेलन में विशेष रुप से एमबीबीएस की शिक्षा ग्रहण कर डॉक्टर बनी कुमारी निशा ठाकुर ग्राम पिपराही को एवं प्रति भावान छात्र-छात्राओं व खेल, कला तथा अन्य विधाओं से जुड़े व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। पहली बार इस सम्मेलन में युवा - युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सामाजिक रीति नीति एवं प्रगति तथा सामाजिक सहभागिता से समाज को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। सभा में अपने विचार रखते हुए युवा प्रभाग अध्यक्ष पवन कुमार नेताम ने युवाओं को सामाजिक नियमों परंपराओं रीति रिवाज का अनुसरण करते हुए समस्त सामाजिक क्रिया कलापों में भाग लेने के लिए अपील की गई।






online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411


## उपसरपंचों के लिए प्रशिक्षण शिविर आज से, 9 मुख्य विषयों पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

उप सरपंच प्रशिक्षण, संचालक,पंचायत संचालनालय, अटल नगर रायपुर के पत्र अनुसार जिला पंचायत के द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना की अनुमोदित वार्षिक कार्ययोजना अनुसार वर्ष 25-26 में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, को प्रशिक्षण कैलेंडर अनुसार माह जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक प्रशिक्षण दिया जाना है। उपरोक्त पत्र के परिपालन में जनपद पंचायत छुरा को तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 11 फरवरी से 13 फरवरी तक 40 पंचायत के उपसरपंच एवं 18 फरवरी से 20 फ़रवरी तक शेष समस्त 34 उप सरपंच को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण स्थल जिला पंचायत संसाधन केंद्र गरियाबंद में किया गया है। समय सुबह 10:30 से शाम 5 बजे तक निर्धारित हैं। अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे उप सरपंच संघ छुरा ने कहा उप सरपंच पूर्व प्रशिक्षण का अव्यवस्था और विधिवत जानकारी के अभाव में बहिष्कार किया था जनपद पंचायत छुरा सभागार में। अब फिर पुनः नया आदेश के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया उप सरपंचों को बुनियादी परिचय, पंचायत की भूमिका और जिम्मेदारियां पंचायत राज अधिनियम, पेशा नियम, एलएसडीजी विषय सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण जमीनी स्तर पर विशेष रूप से ग्राम पंचायतों और ग्रामीण समुदायों के भीतर अनुकूलित और कार्यान्वित करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। ताकि एक विषयगत दृष्टिगत दृष्टिकोण के माध्यम से सतत, समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। सतत विकास को ग्राम स्तर लक्ष्यों को ग्राम स्तर पर क्रियान्वित करने योग्य बनाना, जिसमे 9 विषयक क्षेत्रो पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।




आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000

दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक



Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर